आपकी खबरों का संसार...
RNI No.-RJHIN/2015/63826

# अतुल्य संसार

संस्करणः जयपुर
हिन्दी समाचार पत्र...
web: www.atulyasansar.com
Digital Edition
www.liveworldnews.in
वर्षः 10 | अंकः 357 | जयपुर, मंगलवार 07 जुलाई, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4



जिला प्रभारी सचिव... पेज 2



108 श्री हनुमान... पेज 3

# डीजीपी बोले- बड़े ड्रग माफिया-गैंगस्टर्स की संपत्तियां होंगी कुर्क

## गंभीर अपराधों में 4.65% की कमी का दावा; राजस्थान पुलिस का छह महीने का रिपोर्ट कार्ड पेश

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस अकादमी में महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने कहा- बड़े ड्रग माफिया, संगठित अपराधियों और गैंगस्टर्स की अवैध संपत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई तेज की जाएगी। डीजीपी राजीव कुमार ने सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह कहा। डीजीपी शर्मा ने पिछले छह महीनों का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए कहा- अब राजस्थान पुलिस केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि अपराध की रोकथाम, अपराधियों की आर्थिक कमर तोड़ने और तकनीक आधारित स्मार्ट पुलिसिंग को प्राथमिकता देगी। उन्होंने कहा- राजस्थान पुलिस ने पिछले छह महीनों में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा और तकनीक आधारित पुलिसिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की। गंभीर अपराधों में 4.65 प्रतिशत की कमी, पेपर लीक माफिया पर प्रभावी रोक, नशा तस्करों और संगठित अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई से प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है।

### अपराधों में 4.65 प्रतिशत की कमी

डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने बताया- साल 2025 की पहली छमाही की तुलना में साल 2026 की समान अवधि में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दर्ज कुल अपराधों में 4.65 प्रतिशत की कमी आई है। साल 2025 में जहां 99 हजार 272 मामले दर्ज हुए थे। वहीं इस साल यह संख्या घटकर 94 हजार 652 रह गई। इन मामलों में 4.25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ऐसे मामलों की संख्या 49,087 से बढ़कर 51,172 हो गई। वहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के मामलों में 18.81 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है।

### संपत्ति संबंधी अपराधों में रिकॉर्ड बरामदगी

राजस्थान पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों में भी रिकॉर्ड सुधार दर्ज किया है। लूट के मामलों में माल बरामदगी का प्रतिशत 71 से बढ़कर 79.09 प्रतिशत पहुंच गया है। नकबजनी के मामलों में बरामदगी 9.58 प्रतिशत से बढ़कर 58.24 प्रतिशत तथा चोरी के मामलों में रिकवरी 10.34 प्रतिशत से बढ़कर 24.79 प्रतिशत हो गई है।

### नशा तस्करों और अवैध हथियारों पर बड़ी कार्रवाई

डीजीपी ने बताया- आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में 2.06 प्रतिशत, आर्म्स एक्ट के मामलों में 4.23 प्रतिशत और एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों में 29.94 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवधि में एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 7 हजार 195 मामले दर्ज कर बड़े ड्रग सिंडिकेट्स के खिलाफ कार्रवाई की गई। राजस्थान पुलिस ने नशे के खिलाफ सप्लाई चेन तोड़ने, मांग कम करने और नशामुक्ति की त्रिस्तरीय रणनीति अपनाई। साल 2025 में 69 और साल 2026 में अब तक 23 इस्तगासे पेश किए गए। 34 मामलों में 83 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और 20 जिलों के 224 हॉटस्पॉट पर विशेष अभियान चलाया गया। अवैध मादक पदार्थ तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ने के लिए वर्ष 2025 में 66 मामलों में 55.01 करोड़ रुपए और वर्ष 2026 में अब तक 15 मामलों में 7.36 करोड़ रुपए की अवैध संपत्तियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।



### क्राईम कंट्रोल सेंटर

डीजीपी ने बताया- राजस्थान साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर और एआई आधारित 1930 कॉल सेंटर की स्थापना प्रक्रियाधीन है। इसके लिए राज्य सरकार ने 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। साइबर हेल्पलाइन 1930 पर अब 53 लाइनें 24 घंटे तीन शिफ्टों में संचालित हो रही हैं। साथ ही शिकायतकर्ताओं की सुविधा के लिए दो वॉट्सएप नंबर 9256001930 और 9257510100 भी उपलब्ध कराए गए हैं। प्रदेश के सभी 41 पुलिस जिलों में साइबर पुलिस थाने स्थापित किए जा चुके हैं। प्रत्येक थाने में साइबर हेल्पडेस्क बनाई गई है। 10 जनवरी 2026 से पांच लाख रुपए तक के साइबर अपराधों में जीरो एफआईआर सुविधा शुरू होने के बाद अब तक 405 ऑनलाइन एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। वर्ष 2025 में साइबर अपराधों की 1,47,384 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। वहीं 30 जून 2026 तक 84,916 शिकायतें मिली हैं। वर्ष 2025 में 768.70 करोड़ रुपए की राशि होल्ड की गई और होल्ड राशि का प्रतिशत बढ़कर 26.47 प्रतिशत हो गया। डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराधों में वर्ष 2023 से जून 2026 तक 136 मामले दर्ज कर 174 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा 52.23 करोड़ रुपये से अधिक की राशि होल्ड की गई। सीईआईआर पोर्टल से 1.84 लाख मोबाइल ट्रेस कर 61,346 मोबाइल उनके मालिकों को लौटाए गए।

### महिला सुरक्षा में तेजी, अनुसंधान समय घटा

महिला सुरक्षा को लेकर डीजीपी ने बताया- महिलाओं से छेड़छाड़ के मामलों में 6.44 प्रतिशत, दुष्कर्म मामलों में 13.36 प्रतिशत और पॉक्सो के मामलों में 20.90 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। पॉक्सो मामलों में अनुसंधान अवधि 78.2 दिन से घटकर 51.2 दिन तथा दुष्कर्म के मामलों में 81 दिन से घटकर 52 दिन रह गई है। महिला सुरक्षा के लिए कालिका पेट्रोल यूनिट, एंटी रोमियो स्क्वॉड, वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर, सुरक्षा सखी और महिला सलाह सुरक्षा केंद्र को ऑपरेशन गरिमा और ऑपरेशन खुशी के तहत और अधिक प्रभावी बनाया गया है।

### 100 करोड़ रुपए से बनेगा साइबर क्राइम एटीएस की बड़ी उपलब्धियां

एटीएस राजस्थान ने एक साल में यूएपीए के तहत तीन मामले दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। अवैध विस्फोटकों के 7 मामलों में 7 आरोपियों को पकड़ा गया तथा भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की गई। अवैध हथियारों के पांच मामलों में सात आरोपियों की गिरफ्तारी हुई, जबकि मादक पदार्थ तस्करी के मामलों में 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। फर्जी आधार कार्ड गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 66 आईटी एक्ट से जुड़ी सूचनाओं का निराकरण किया गया। सोशल मीडिया निगरानी के तहत 728 संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी गई तथा कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित 15 युवाओं की डी-रेडिकलाइजेशन प्रक्रिया शुरू की गई। 25 इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी पर 4.65 लाख रुपए का इनाम बांटा गया।

### तकनीकी संवर्ग में खुलेगी पदोन्नति की राह

डीजीपी ने बताया- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्णय के बाद ड्राइवर, घुड़सवार और बैंड शाखा सहित तकनीकी संवर्ग में कैडर पुनर्गठन किया गया है। गृह विभाग द्वारा 23 जून को जारी स्वीकृति के तहत 403 पदों का पुनर्गठन किया गया है।

### मादक पदार्थ तस्करों की अपराध से अर्जित संपत्तियों को कुर्क-जब्त होगी

राजीव कुमार शर्मा ने कहा- आने वाले समय में सीआईडी (सीबी) और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के माध्यम से बड़े मादक पदार्थ तस्करों की अपराध से अर्जित संपत्तियों को बीएनएसएस धारा 107 और बीएनएस की धारा 111 और 112 सहित पीआईटी-एनडीपीएस कानून के तहत कुर्क और जब्त किया जाएगा। उन्होंने कहा- रंगदारी के लिए फायरिंग करने वाले गैंगस्टर्स के खिलाफ एजीटीएफ के विशेष अभियान जारी रहेंगे। आवश्यकता पड़ने पर विदेशों में छिपे अपराधियों के प्रत्यर्पण की कार्रवाई भी की जाएगी। वहीं साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आर-4-सी के माध्यम से तकनीक आधारित कार्रवाई को और मजबूत किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एडीजी एएनटीएफ एवं एटीएस दिनेश एमएन ने विशेष अभियानों की जानकारी दी। प्रारंभ में पुलिस मुख्यालय के डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप ने छह महीने की उपलब्धियों का प्रस्तुतिकरण दिया। इस अवसर पर डीजी (प्रशिक्षण) अनिल पालीवाल सहित पुलिस मुख्यालय के सभी अतिरिक्त महानिदेशक और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# सरकारी जमीन पर बसी कॉलोनियों के नियमन पर रोक

## हाईकोर्ट ने यूडीएच ACS से पूछा- किस अधिकार से ये गैर कानूनी आदेश जारी किया

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने शहरी सेवा शिविर में सरकारी जमीन पर बसी कॉलोनियों और अवैध कब्जों के नियमन पर सोमवार को रोक लगा दी । कोर्ट ने यूडीएच विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और शासन सचिव से पूछा- आपने किस अधिकार से यह गैर कानूनी आदेश जारी किया। एसीएस यूडीएच और सचिव को व्यक्तिगत रूप से शपथ पत्र पेश करने के लिए भी कहा। यह अंतरिम आदेश कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस मनीष शर्मा की खंडपीठ ने पब्लिक अगेंस्ट करप्शन संस्था की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। कोर्ट ने नगरीय विकास और आवासन विभाग (यूडीएच) के 10 जून को जारी सर्कुलर पर रोक लगाई दी। सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों को नियमित करने के लिए 12 जून से शिविर लगाए जा रहे हैं। ये शिविर 15 जुलाई तक चलेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश का खुला उल्लंघन

याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट पीसी भंडारी और डॉ. टीएन शर्मा ने कोर्ट को बताया- राज्य सरकार भू-माफिया के साथ मिलकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का खुला उल्लंघन कर रही है। सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि अनधिकृत निर्माणों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी गलत सहानुभूति होगी। नियमन योजनाएं केवल अपवादस्वरूप परिस्थितियों में, विस्तृत सर्वे के बाद, आवासीय मकानों के लिए केवल एक बार के उपाय (वन टाइम मेजर) के रूप में ही लाई जा सकती है। राजस्थान सरकार पहले ही 1 जनवरी 1999 तक के अतिक्रमणों के नियमन की एकमुश्त छूट दे चुकी है। ऐसे में बार-बार नियमन योजनाएं लाना अवैध कब्जाधारियों और भू-माफियाओं को संरक्षण देने जैसा है।

### कब्जा कर लो, सरकार नियमन कर देगी

याचिका में कहा गया कि सरकार के ऐसे कदमों से आम जनता में यह गलत संदेश जाता है कि पहले सरकारी जमीन पर कब्जा कर लो। बाद में सरकार उसे वैध (रेगुलाइज) कर देगी। इस कारण ही आमजन बिना डर के जानबूझकर अतिक्रमण करने को प्रेरित होते हैं। इससे शहरों का नियोजित विकास बाधित होता है। प्रशासनिक व्यवस्था में भ्रष्टाचार को

# शहजाद भट्टी को मुखौटा बनाकर नेटवर्क फैलाना चाहती है पाकिस्तानी-इंटेलिजेंस

## एडीजी दिनेश एमएन बोले- सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को फंसाने, जासूसी और हथियार सप्लाई कराने की साजिश

**जयपुर।** राजस्थान आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने पाकिस्तान समर्थित नेटवर्क और विदेशी गैंगस्टर्स को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एटीएस के एडीजी (ऑपरेशंस) दिनेश एमएन ने सोमवार को बताया कि पाकिस्तानी आतंकी शहजाद भट्टी को पाकिस्तान के इंटेलिजेंस ऑफिसर (पीआईओ) एक मुखौटे के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इसका मकसद राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों के युवाओं को सोशल मीडिया के जरिए अपने प्रभाव में लेकर उनसे जासूसी करवाना, संवेदनशील स्थानों की जानकारी जुटाना और हथियारों की सप्लाई कराना है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत में किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने के लिए शहजाद भट्टी को आगे रखकर काम करती है। हालांकि राजस्थान एटीएस, आईबी और अन्य एजेंसियों की सतर्कता के चलते अब तक इस नेटवर्क का कोई भी प्रयास सफल नहीं हो पाया है।





### भट्टी का नेटवर्क सक्रिय होने के मिले थे इनपुट

दिनेश एमएन ने बताया कि पिछले कुछ समय से शहजाद भट्टी के नेटवर्क के सक्रिय होने की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। जांच में सामने आया कि इस नेटवर्क के पीछे पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑफिसर सक्रिय हैं। सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को अपने साथ जोड़ने, उन्हें पैसों और अन्य प्रलोभनों का लालच देने और संवेदनशील स्थानों के फोटो और वीडियो मंगवाने की कोशिश की जाती है। साथ ही सीमापार से हथियार भेजने के भी प्रयास किए जाते हैं।

### तकनीकी निगरानी से हर बार नाकाम हुई साजिश

एडीजी ने दावा किया कि शहजाद भट्टी और उसके पीछे सक्रिय नेटवर्क का अब तक एक भी प्रयास सफल नहीं हो पाया है। जैसे ही किसी गतिविधि की जानकारी मिलती है, एटीएस की तकनीकी टीम तुरंत सक्रिय होकर इनपुट की पुष्टि करती है और समय रहते कार्रवाई करती है। इस पूरे नेटवर्क पर इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और पंजाब पुलिस भी लगातार नजर रखे हुए हैं।

### कुछ लोगों को समझाइश, सक्रिय लोगों पर मुकदमा

उन्होंने बताया कि नेटवर्क से जुड़े कुछ लोग केवल संपर्क में पाए जाते हैं, जिन्हें समझाइश देकर पाबंद किया जाता है। वहीं जो लोग सक्रिय रूप से देशविरोधी गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की जाती है। हाल ही में की गई छापेमारी के दौरान दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जबकि कई लोगों को समझाइश कर निगरानी में रखा गया है।

### आईबी और राजस्थान इंटेलिजेंस के साथ संयुक्त पूछताछ

दिनेश एमएन ने बताया कि महत्वपूर्ण मामलों में एटीएस, आईबी और राजस्थान इंटेलिजेंस के अधिकारी संयुक्त रूप से पूछताछ करते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि सोशल मीडिया पर मिलने वाले किसी भी लालच या बहकावे में आकर देशविरोधी गतिविधियों का हिस्सा न बनें। यदि कोई व्यक्ति ऐसी गतिविधियों में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर गिरफ्तार किया जाएगा।

### एक साल में एटीएस की बड़ी कार्रवाई

एडीजी ने बताया कि 1 जुलाई 2025 से 30 जून 2026 के बीच एटीएस ने आतंकवाद, अवैध हथियार, विस्फोटक, मादक पदार्थ तस्करी और साइबर अपराध के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया।

### विदेश में बैठे गैंगस्टर्स के खिलाफ भी बड़ा अभियान

रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण की गिरफ्तारी के सवाल पर एडीजी ने कहा कि दोनों राजस्थान सहित कई राज्यों में वांछित हैं। विदेश में मौजूद अपराधियों तक पहुंचने के लिए इंटरपोल और केंद्रीय एजेंसियों की मदद ली जा रही है। एजीटीएफ और पुलिस लगातार उनके स्थानीय नेटवर्क पर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि पिछले एक महीने में पांच से छह मॉड्यूल ध्वस्त किए गए हैं और अलग-अलग जिलों से करीब 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का प्रयास है कि फायरिंग, हत्या और रंगदारी जैसी घटनाओं को पहले ही रोका जाए। जिन लोगों को धमकियां मिलती हैं, उन्हें सुरक्षा भी उपलब्ध कराई जाती है।

# सरकारी कर्मचारियों की बढ़ी सैलरी और पे-फिक्सेशन की होगी जांच

## ज्यादा सैलरी उठाने वाले कर्मियों से होगी वसूली; जांच के बाद गलती तो अफसरों पर कार्रवाई

**जयपुर।** प्रदेश के सभी सरकारी कर्मचारियों की अब तक बढ़ी हुई सैलरी और वेतन निर्धारणों (पे-फिक्सेशन) की बारीकी से जांच की जाएगी। वित्त विभाग ने सभी कर्मचारियों के वेतन निर्धारणों की अगस्त तक जांच पूरी करने के आदेश दिए हैं। जिन कर्मचारियों का पे-फिक्सेशन गलत हो गया और ज्यादा वेतन उठाया तो उनसे वसूली की जाएगी। वित्त विभाग ने इसके लिए नए सिरे से सर्कुलर जारी किया है। वित्त विभाग ने सर्कुलर जारी कर सभी विभागों को अब तक किए वेतन निर्धारणों की बारीकी से जांच कराने के निर्देश जारी किए हैं। पदोन्नति, चयनित वेतनमान, एसीपी और एमएसीपी सहित दूसरे पे-फिक्सेशन के मामलों में जांच की जाएगी। वित्त विभाग ने जांच के लिए फार्मेट भी तय किया है। हर विभाग और हर दफ्तर में विभागाध्यक्ष, सीनियर अकाउंट्स ऑफिसर, एक वरिष्ठ अफसर का



जांच दल बनाकर पे-फिक्सेशन की जांच करने के आदेश दिए हैं। विभाग ने इससे पहले 5 मई को सर्कुलर जारी किया था, लेकिन अब ताजा सर्कुलर में नए निर्देश जोड़े हैं।

### सितंबर के वेतन बिलों में जांच पूरी का सर्टिफिकेट देंगे

वित्त विभाग ने अगस्त महीने तक जांच पूरी करने का टास्क दिया है। वहीं सभी कर्मचारियों के वेतन निर्धारण की जांच पूरी होने का जॉइंट सर्टिफिकेट सितंबर के वेतन बिलों में अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

### अफसरों को चेतावनी, गलती रही तो होगी वसूली

वित्त विभाग ने वेतन निर्धारण की बारीकी से एररलेस जांच करने के आदेशों के साथ जिम्मेदारों को चेतावनी दी है। वित्त विभाग ने चेताया कि जांच के बाद भी भविष्य में यदि नियमों के खिलाफ वेतन भुगतान का मामला सामने आता है तो जांच से जुड़े अफसर, कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जांच में शामिल अफसर, कर्मचारियों से ज्यादा किए गए भुगतान की वसूली की जाएगी और विभागीय कार्यवाही भी होगी।

## गोदेलाव विद्यालय में विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सोजत/मीठालाल पंवार ।** निकटवर्ती ग्राम गोदेलाव स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में सभी विद्यार्थियों को कॉपियां, पेन, पेंसिल सहित आवश्यक स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। शिक्षक सोनू सोलंकी के प्रयासों से भामाशाह दंपति डॉ. देवेंद्र चौधरी एवं डॉ. आशा चौधरी ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को सामग्री उपलब्ध करवाई।

इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र चौधरी ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। वहीं डॉ. आशा चौधरी ने वर्षा ऋतु में होने वाली मौसमी बीमारियों से बचाव और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी जयकरण सिंह ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन और स्वाध्याय की प्रेरणा दी। संस्था प्रधान ने भामाशाह दंपति का आभार व्यक्त किया। शिक्षक सोनू सोलंकी ने बताया कि भामाशाह दंपति पिछले तीन वर्षों से विद्यालय के विद्यार्थियों को स्टेशनरी, जूते और स्वेटर वितरित कर सहयोग कर रहे इस मौके पर विद्यालय के स्टाफ सोनू सोलंकी ,महेंद्र सिंह , संजू कुमारी, शबनम मौलानी ,लीला एवं राकेश दास ,प्रभु पटेल , गोकुल बंजारा नरपत सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे ।

## महादेव सेवा समिति दिल्ली द्वारा अपना घर सेवा समिति के सदस्यों को किया सम्मानित



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा कामां ।** कामवन, अपना घर सेवा समिति कामवन इकाई के सदस्यों को महादेव सेवा समिति दिल्ली के पदाधिकारियों द्वारा चन्द्रकोट (जिला रामबन) में आयोजित अमरनाथ यात्रियों के विशाल भंडारे में सेवा प्रदान करने पर सम्मानित किया। महादेव सेवा समिति के महासचिव दिनेश खंडेलवाल ने बताया कि कामवन से अपना घर सेवा समिति के सदस्यों द्वारा भंडारा स्थल पर पहुंच कर अमरनाथ यात्रियों के लिए उत्कृष्ट सेवा प्रदान कर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर सचिव दिनेश खंडेलवाल के साथ सुनील शर्मा राजेश शर्मा व अन्य पदाधिकारीयों ने माला पहनाकर सम्मानित किया। इस सेवा कार्य में प्रमोद पुजारी अध्यक्ष अपना घर सेवा समिति कामवन ने बताया कि सेवा दल में 18 महिला व पुरुषों का एक दल चन्द्रकोट जिला रामवन में भंडारे में सेवा करने गया हुआ है जिसमें सुनील तमोलिया सुरेश सोनी उमाशंकर शर्मा हेतराम शर्मा नेमीचंद खंडेलवाल महेन्द्र अरोड़ा गुलाब खंडेलवाल लता तमोलिया सुधा तमोलिया राजवती शर्मा शांति देवी बीना सोनी तारा खंडेलवाल मोहन श्याम पाटोदिया सुनीता खंडेलवाल व अन्य उपस्थित सदस्य सेवा प्रदान कर रहे हैं।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 126वीं जयंती मनाई




**बारां।** माय भारत केन्द्र बारां, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 126वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य श्रीमती रेखा सक्सेना एवं अध्यक्षता वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक श्रीमती नीलम कपूर ने की। अतिथियों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. मुखर्जी के जीवन, आदर्शों एवं ष्एक राष्ट्र-एक संविधानष् की विचारधारा पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने युवाओं से उनके राष्ट्रभक्ति एवं अखण्ड भारत के विचारों से प्रेरणा लेकर देश सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के युवा स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। मंच संचालन एवं आभार व्यक्त किया गया।

## झामेश्वर महादेव के पास श्री गढ़वाली कालिका मां मंदिर परिसर में ग्रीन वॉरियर्स ने रोपे 21 विशाल देववृक्ष, युवाओं ने ली संरक्षण की शपथ

**उदयपुर।** पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ ग्रीन वॉरियर्स टीम द्वारा झामेश्वर महादेव के पास स्थित श्री गढ़वाली कालिका मां मंदिर परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। मंदिर के सेवक चुन्नीलाल द्वारा विधि-विधान से भूमि पूजन कर इस पुनीत अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत परिसर में बरगद और पीपल के 12 फीट ऊंचे 21 विशाल पौधों का रोपण किया गया। बड़े पौधों के जीवित रहने की संभावना अधिक होने के कारण टीम द्वारा इस अनूठी पहल को चुना गया।

# जिला प्रभारी सचिव ने किया ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण, मौके पर ही सुलझाई समस्याएं

### नगरपालिका हिण्डोली में लाभार्थियों को बांटे आवासीय पट्टे व चेक

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**बूंदी।** राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को हिंडोली उपखंड क्षेत्र की विजयगढ़ ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रभारी सचिव रुक्मणी रियार ने शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि ग्रामीणों को इसका सीधा फायदा मिल सके। उन्होंने शिविर में पालनहार योजना के लंबित प्रकरण का मौके पर ही सत्यापन कराया और लाभार्थी की सहायता राशि सुचारू करवाई। इसके साथ ही राजस्व विभाग को कैटल गार्ड, खातों में नाम शुद्धिकरण, रास्ते से अतिक्रमण हटाने और सीमा ज्ञान के लंबित मामलों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए।

### स्टॉलों का किया मुआयना,



### परखी प्रगति

प्रभारी सचिव ने शिविर में लगे प्रत्येक विभाग के स्टॉल पर पहुंचकर संपादित किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आधार सीडिंग और पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अब तक स्वीकृत व पूर्ण हो चुके आवासों तथा जारी की गई किस्तों की प्रगति रिपोर्ट भी जांची। बारिश के मौसम को देखते हुए उन्होंने चिकित्सा विभाग को मौसमी बीमारियों के प्रति विशेष सतर्कता बरतने और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो। वहीं, कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कृषक कल्याण की विभिन्न योजनाओं में पात्र किसानों को अधिकाधिक संख्या में लाभान्वित किया जाए।

### शहरी सेवा शिविर में बांटे आवासीय पट्टे

ग्रामीण शिविर के बाद प्रभारी सचिव ने हिंडोली नगर पालिका में आयोजित शहरी सेवा शिविर का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने लाभार्थियों को आवासीय पट्टे और पीएम आवास योजना (शहरी) 2.0 के लाभार्थियों को चेक वितरित किए। उन्होंने पालिका परिसर में हरियाळो राजस्थान अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण करने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि लगाए गए पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और उनकी जियो टैगिंग भी अनिवार्य रूप से करवाई जाए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) रमेश देव, हिंडोली उपखंड अधिकारी शिवराज मीणा, तहसीलदार बनवारी लाल मीणा, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जितेंद्र मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

## मुख्यमंत्री ने ली मुकुंदरा टनल से संबंधित उच्चस्तरीय बैठक

### मुकुंदरा टनल में सुरक्षा सहित सभी मानकों की पालना हो सुनिश्चित, सड़क दुर्घटनाओं पर लगे प्रभावी अंकुश, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर करें सख्त कार्रवाई-मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा




**कोटा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग एवं एक्सप्रेस-वे देश की अवसंरचनात्मक विकास एवं आर्थिक प्रगति का आधार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राजमार्गों का गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध निर्माण एवं रखरखाव डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता है, ताकि आमजन को सुगम एवं सुरक्षित यातायात के साथ-साथ सार्वजनिक परिवहन सुविधा मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 8 किलोमीटर से अधिक लंबी मुकुंदरा टनल में सुरक्षा सहित सभी तकनीकी एवं पर्यावरणीय मानकों की पालना सुनिश्चित करते हुए निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुकुंदरा टनल से संबंधित उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस-वे लंबित कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने एवं यात्री सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना प्रदेश के विकास को नई दिशा प्रदान करेगी।

उन्होंने अधिकारियों को सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी एवं सख्त कदम उठाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा ऑनलाइन चालान को और अधिक प्रभावी एवं तकनीक आधारित प्रणाली विकसित करते हुए चालान राशि की समयबद्ध वसूली सुनिश्चित की जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस-वे पर यात्री सुविधा के लिए प्रत्येक 25 किलोमीटर की दूरी पर रेस्टोरेंट्स, वाहन चालकों के लिए पार्किंग, अपना घर आराम गृह, फूड कोर्ट, पेट्रोल पंप जैसी अन्य आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। साथ ही, मुकुंदरा टनल निर्माण के दौरान पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण का विशेष ध्यान रखते हुए एनिमल ओवर पास का निर्माण किया गया है। साथ ही, सौंदर्यीकरण के लिए पौधे लगाए गए हैं।

बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित मुख्यमंत्री कार्यालय, वित्त विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अनंतपुरा की बरड़ा बस्ती में 33 केवी बिजली लाइन गिरने से एक महिला की मौत तकरीबन 10 झुलसे और 2 गायों की भी हुई मौके पर मौत

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**कोटा ।** सभी घायलों को न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवारजनों ने समाजसेवी हिम्मत सिंह को बुलवाया तो अस्पताल पहुंचे तथा मोर्चरी और अस्पताल में भर्ती घायलों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। हिम्मत सिंह ने कहा कि पीड़ित परिवार और क्षेत्र के निवासी नियमित रूप से च्श्वष्ठरु के उपभोक्ता हैं तथा समय पर बिजली बिल का भुगतान करते हैं। इसके बावजूद स्थानीय लोगों द्वारा 33 केवी लाइन को हटाने की मांग और शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों को दी गई, लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया गया। यदि समय रहते कार्रवाई की जाती तो यह गंभीर हादसा टाला जा सकता था। उन्होंने सवाल उठाया कि इस दुर्घटना की जिम्मेदारी आखिर किसकी है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी आम लोगों के लिए कठिन है। लोगों को कंप्यूटर और टोल-फ्री व्यवस्था में उलझना पड़ता है, जबकि जनसुनवाई के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को सीधे लोगों की शिकायतें सुननी चाहिए। ऐसी अव्यवहारिक व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। हिम्मत सिंह ने मांग की कि सभी घायलों का बेहतर और निशुल्क उपचार सुनिश्चित किया जाए तथा मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और उसे प्रशासन, जनप्रतिनिधियों तथा समाज के सहयोग की आवश्यकता है। साथ ही, 33 केवी लाइन को हटाने संबंधी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। इस दौरान सोनू अब्बासी, जॉनी राईन, हेमंत झाला सहित अन्य लोग साथ में उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की परिचयात्मक बैठक सम्पन्न

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**बीकानेर।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की जिला अध्यक्ष सुमन जैन की अध्यक्षता में अग्रवाल समाज चेतना समिति भवन में महिला परिचयात्मक एवं विचार-विमर्श बैठक आयोजित की गई।सभी बहनों के परिचय के बाद सुमन जैन ने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की विस्तृत जानकारी मीटिंग में दी। बैठक का उद्देश्य समाज की महिलाओं को एक सशक्त मंच पर संगठित कर उन्हें समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं संगठनात्मक कार्यों से जोड़ना रहा। बैठक में उपस्थित बहनों ने अपने विचार साझा किए तथा समाजहित में सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष सुमन जैन ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही संगठन अधिक सशक्त बन सकता है। उन्होंने सभी बहनों का आह्वान किया कि वे समाज सेवा, संगठन विस्तार एवं नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने के लिए मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल सदस्य बनाना नहीं, बल्कि समाज के लिए समर्पित एवं सक्रिय महिला टीम तैयार करना है। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा भी तैयार की गई। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की शिक्षा एवं कन्याओं के विवाह में सहयोग, दिव्यांगजनों की सहायता, महिलाओं एवं बच्चों के लिए रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन, सावन मेला, पारिवारिक गेट-टुगेदर, सामाजिक एवं पारिवारिक मेल-मिलाप कार्यक्रम, सेवा कार्य तथा समय-समय पर जनहित के विभिन्न आयोजन करने पर सहमति व्यक्त की गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री रेखा अग्रवाल,

वरिष्ठ उपाध्यक्ष ऋतु मित्तल,डॉ पूजा अग्रवाल,अग्रवाल समाज चेतना समिति की डॉ. विजयश्री गुप्ता, ममता अग्रवाल, आभा अग्रवाल, निशा अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, पुनीता लाट, प्रीती, सविता, सुमन बंसल, रेखा देवी सहित अनेक अग्रवाल बहनों ने अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूत बनाने में पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया। बैठक का समापन समाज, संगठन एवं महिला शक्ति को सशक्त बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

## जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**भवानीमंडी।** नगर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग को लेकर नागरिकों ने सोमवार को उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शहर की कई बुनियादी समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई गई। ज्ञापन में वार्ड संख्या 803 से 824 तक की कॉलोनियों में लंबित पट्टे जारी करने, खाद्य सुरक्षा योजना से संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने, पेयजल पाइपलाइन कार्य के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने, बंद पड़ी एवं खराब स्ट्रीट लाइटों की समयबद्ध मरम्मत कराने, वार्ड 27, 28 एवं 29 की उचित मूल्य की राशन दुकानों पर गेहूं का आवंटन बढ़ाने तथा वार्ड संख्या 6-7 में रिक्त राशन डीलर के पद पर शीघ्र नियुक्ति करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि इन समस्याओं के कारण आमजन को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन से जनहित को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। इस दौरान पूर्व पार्षद वीणा मेहरा, राजू चौधरी, जेनुल मंसूरी, अज़ीज़ पठान, शम्भूदयाल, शाहरुख खान, अल्ताफ खान, मुकेश गौड़, शकील खान, राजू कैफ भाई, दीपक नागर, आदित्य मेहरा सहित अनेक कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ के, द्वारा जिले में साइबर ठगों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में डीग पुलिस ने कार्यवाही की



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा डीग।** पुलिस अधीक्षक डीग शरण गोपीनाथ के. द्वारा जिले में साइबर ठगों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन एण्टीवायरस के तहत डीग पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 06 साईबर ठग गिरफतार कर कब्जे से 05 एंड्रॉयड मोबाईल फोन व 07 फर्जी सिमकार्ड को जब्त किया गया ।

साइबर ठगी करते हुये 06 मुलजिम थाना जुरहरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार उनके कब्जे से कुल 05 एण्ड्रोइड मोबाइल फोन व 07 फर्जी सिम कार्ड एवं वाहन एक बोलेरो कार, एक ट्रैक्टर तथा एक रॉयल इनफिल्ड मोटरसाईकिल जब्त, सेक्सटोर्शन के माध्यम से करते ठगी थे। सायबर ठगों को फर्जी अकाउण्ट, फर्जी सिम कार्ड व मोबाइल फोन भी करवाते हैं, उपलब्ध लोगों के फर्जी रिश्तेदार / जानकार बनकर उनके खाते में रूपये डालने का फर्जी टैक्स्ट मैसेज भेजकर, उनसे अपने खाते में रूपये डलवाकर करते थे सायबर ठगी। थाना जुरहरा गिरफ्तार साइबर ठग– 1. सकील खान पुत्र साहून जाति मेव उम्र 24 साल निवासी कंचननेर पुलिस थाना जुरहरा जिला डीग राज0 2. मुनफैद पुत्र साहून जाति मेव उम्र 21 साल निवासी कंचननेर पुलिस थाना जुरहरा जिला डीग राज0 3. आदिल पुत्र लुकमान जाति मेव उम्र 19 साल निवासी उंचेडा पुलिस थाना जुरहरा जिला डीग राज0 4. अफलातून पुत्र कायम जाति मेव उम्र 20 साल निवासी कल्तरिया पुलिस थाना जुरहरा जिला डीग राज0 5. हारिस पुत्र जब्बार जाति मेव उम्र 20 साल निवासी उंचेडा पुलिस थाना जुरहरा जिला डीग राज0 6. हासम पुत्र लीला जाति मेव उम्र 28 साल निवासी कंचननेर पुलिस थाना जुरहरा जिला डीग राज0 को गिरफ्तार किया।

## लेविन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र शैलेन्द्र यादव का कक्षा 6 में न्यू सैनिक स्कूल हनुमानगढ़ में चयन

### विद्यालय परिवार ने स्वागत किया दी बधाई

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**विजयपाल सैनी शाहपुरा।** लेविन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अमरपुरा (शाहपुरा) के छात्र शैलेन्द्र यादव का कक्षा 6 में न्यू सैनिक स्कूल, हनुमानगढ़ में चयन हुआ है। विद्यालय परिवार ने छात्र को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया और बधाई दी। अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं स्टाफ ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगे बढ़ेंगे। इस मौके पर रामकरण काकोडिया चैयरमेन, राजेश कुमार निदेशक, सुरेश यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर संतोष कुमार यादव ने छात्रा का स्वागत कर बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 108 श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ महाआयोजन के लिए विशेष बैठक सम्पन्न

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**दीपचंद शर्मा जयपुर।** श्री भन्दे बालाजी महाराज की असीम कृपा से श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के तत्वावधान में आगामी 11 जुलाई को आयोजित होने वाले एक ही आसन पर 108 श्री हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ महाआयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए संस्थापक संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य में एक महत्वपूर्ण फाइनल बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियाँ सौंपते हुए कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने पर चर्चा की गई। समिति के महेश बम्ब एवं पंकज शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस भव्य धार्मिक आयोजन में भाग लेने के लिए अपना पंजीयन करवाया है। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा सभी व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित ढंग से की जा रही हैं ताकि कार्यक्रम में आने वाले प्रत्येक साधक एवं श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान समिति के मुख्य संरक्षक श्याम सुन्दर मोसूण, संरक्षक रामस्वरूप यादव एवं सरदार राजन सिंह को आयोजन की समस्त तैयारियों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं, साधकों के बैठने की व्यवस्था, प्रवेश व्यवस्था, मंच संचालन, पूजन सामग्री, प्रसादी वितरण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी सदस्यों ने अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 108 श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने वाले सभी साधकों का सम्मान किया जाएगा। समिति द्वारा उनके लिए विशेष सम्मान की व्यवस्था की जाएगी, ताकि उनकी भक्ति एवं सहभागिता का सम्मान किया जा सके। आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन को भी अवगत करवाया जाएगा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके।

समिति ने यह भी निर्णय लिया कि कार्यक्रम में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को पूर्व रजिस्ट्रेशन के माध्यम से ही प्रवेश दिया जाएगा, ताकि आयोजन स्थल पर किसी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा उत्पन्न न हो तथा सभी व्यवस्थाएँ सुचारु रूप से संचालित की जा सकें। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने आयोजन को भव्य, अनुशासित एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया तथा अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस धार्मिक महाआयोजन में भाग लेने की अपील की। इस दौरान समिति के राधेश्याम बेराठी, मुकेश कुमावत, रामावतार छीपा, राजेश विजयवर्गीय, बिरदी चंद जांगिड़, नाथू शर्मा, योगेन्द्र नीखरा, लोकेश कुमावत, बिरदी चंद दंबीवाल, शैलेन्द्र यादव, हंसराज कुमावत, रविन्द्र खंगारोत, सीताराम विजयवर्गीय सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जिले में 'स्टॉप डायरिया कैम्पेन' का संचालन

### दस्त रोग से रोकथाम और उपचार की जागरूकता परक गतिविधियों का हो रहा आयोजन



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर द्वितीय।** जिले में स्टॉप डायरिया कैम्पेन का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 31 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत दस्त रोग से रोकथाम के लिए सुरक्षा, बचाव और उपचार की जागरूकता परक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि मानसून के मौसम में दस्त रोग की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। बाल मृत्यु के कारणों में दस्त मुख्य कारक है। दस्त रोग नियंत्रण के लिए स्टॉप डायरिया कैम्पेन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आमजन को दस्त रोग से बचाव और उपचार की गतिविधियों से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही जिले के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से निरन्तर कैम्पेन के विषय मे आमजन को जागरूक किया जा रहा है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) द्वितीय डॉ. सौरभ आर्य ने बताया कि आगामी 31 जुलाई तक आयोजित होने वाले स्टॉप डायरिया कैम्पेन के अंतर्गत चिकित्सा संस्थाओं पर ओआरएस कॉर्नर स्थापित किए गए हैं। साथ ही अभियान के तहत आशाएं 5 वर्ष के बच्चों में दस्त नियंत्रण के लिए घर–घर जाकर जिंक की गोलियां और ओआरएस घोल के पैकेट वितरण के साथ आमजन को जागरुक कर रही हैं। इस वर्ष कैम्पेन डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यानथीम पर आयोजित किया जा रहा है।

## एसएमएस अस्पताल के त्वचा रोग विशेषज्ञ स्व. डॉ संदीप शर्मा की याद में नेवरी में श्रंद्धाजलि सभा का किया आयोजन

### समाज सेवी वरिष्ठ चिकित्सक एसएमएस अस्पताल स्व.डॉ संदीप शर्मा की याद में नेवरी में श्रंद्धाजलि सभा ग्रामीणों ने किये श्रद्धासुमन अर्पित

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**उदयपुरवाटी/सुमेर सिंह राव।** नेवरी गांव स्थित दरबार जोड़ी में रविवार को त्वचा रोग विशेषज्ञ स्व. डॉ संदीप शर्मा किशोरपुरा की याद में ग्रामीणों ने एक श्रंद्धाजलि सभा का आयोजन रखा।लोगो ने उनके फोटो चित्र पर पुष्प अर्पित किए।।वक्ताओं ने कहा कि डॉ संदीप शर्मा एक बेहद नेक इंसान थे। वो चिकित्सा के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि हर एक काम में लोगो के काम आते थे।उनका जाना इस इलाके के लिए बड़ी क्षति है। भक्त माल के नामचीन ब्रह्मलीन सिद्ध संत देवादास महाराज के जयकारों के साथ उनकी आत्मा की शांति के लिए भी प्रार्थना की गई। भक्त सुरेश मीणा किशोरपुरा ने कहा कि इनके दादा गुरु एक संत तुल्य व्यक्ति थे उन्होंने जीवन पर्यंत भगवान का नाम लिया। गुड़ा के नामचीन वेद्यजी श्रवण कुमार जोशी के डॉ संदीप दामाद थे। गत दिनों जयपुर में डॉ संदीप का आकस्मिक निधन हो गया था। इस अवसर पर सुरेश मीणा किशोरपुरा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अरविन्द कुमार मेघवाल, मनीष नेवरी पंच, तेजपाल सैनी,श्रीराम गुड़ा,प्रकाश मीणा गुड़ा, रघुवीर मीणा गुड़ा, महावीर प्रसाद सैनी, व्याख्याता जुगल किशोर सैनी, गोवर्धन सैनी, पूर्व पंच दुर्गा प्रसाद सैनी, महावीर सैनी, नरसिंह शेखावत, शीशराम सैनी, चौथमल सैनी, नानूराम सैनी, पूर्व पंच घासीराम सैनी पूरणमल सैनी, मदन सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

## फेयरवेल पार्टी में हुए रंगारंग आयोजन, डीजे की धुन पर थिरके स्टूडेंट

**जयपुर।** मानसरोवर स्थित पोद्दार इंटरनेशनल कॉलेज में यूजी एवं पीजी स्टूडेंट के लिए फेयरवेल कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न कल्चरल एक्टिविटीज के साथ ही एक्साइटिंग गेम्स ने स्टूडेंट्स को खासा एंटरटेन किया। इसके साथ ही स्टूडेंट्स जहां डीजे नाइट में थिरकते नजर आए वहीं रैंप वॉक में स्टूडेंट्स की थीम बेस्ड वाकिंग को भी ऑडियंस ने काफी सराहा। कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स ने कॉलेज में बताया अपने यादगार पलो को सांझा किया। इसके बाद स्टूडेंट्स को विभिन्न टाइटल्स से नवाजा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन डा. आनंद पोद्दार ने स्टूडेंट्स को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर को चेयरपर्सन रूपल पोद्दार ने स्टूडेंट्स की परफॉर्मेंस को सराहा एवं विभिन्न अवार्ड एवं टाइटल प्रदान किए।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी : व्यक्तित्व एवं कृतित्व' विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**जयपुर।** शांति एवं अहिंसा निदेशालय, राजस्थान सरकार एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय), जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के सभागार में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी = व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान तथा उनके विचारों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनके आदर्श, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। विशिष्ट अतिथि विधायक बालमुकुन्दाचार्य जी महाराज ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, शिक्षा और राष्ट्रीय चेतना का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे उनके आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। मुख्य वक्ता प्रांत प्रचारक बाबूलाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और सांस्कृतिक चेतना का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनके विचारों एवं आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाज के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान केवल आयुर्वेद शिक्षा एवं अनुसंधान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में राष्ट्रीय मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और चरित्र निर्माण की भावना विकसित करने के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इस संगोष्ठी के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व, कृतित्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान से परिचित कराया गया, ताकि वे उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मनाई

### भाजपा सरकार की सभी जनहित योजनाएं घर-घर पहुंचाना है - सांसद राव राजेंद्र सिंह

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**विजयपाल सैनी शाहपुरा।** जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह के सानिध्य में सोमवार को भाजपा शाहपुरा शहर मण्डल के बूथ नंबर 223 के बूथ अध्यक्ष राजू लील के निवास स्थान पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मनाई गई। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि इस दौरान सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की फोटो पर माला पहनाकर, धूप दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सांसद सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद् एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके विचार सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, अखंड भारत और जम्मू-कश्मीर के पूर्ण विलय पर केंद्रित रहे। इस दौरान सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के क्रिया कलाप की कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए अपने अपने बूथ क्षेत्रों में घर–घर तक जरूरतमंद लोगों को हर प्रकार जनहित सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ दिलाने, सभी बूथ क्षेत्रों में मन की बात कार्यक्रम देखने, भाजपा का सरल ऐप सभी कार्यकर्ताओं को मोबाइल पर डाउनलोड करने की बात कही जिससे सभी लोगों को भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे जनहित से जुड़े सभी कार्यों की समय पर जानकारी व लाभ प्राप्त हो सके तथा भाजपा सरकार का विकसित भारत का सपना साकार हो सके। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार रणधीर सिंह, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता मंजू सैनी, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष व ग्राम पंचायत खोरी जीएसएस अध्यक्ष रवीश खटाणा, नगर परिषद शाहपुरा पूर्व सभापति बंशीधर सैनी, भाजपा शाहपुरा शहर मंडल अध्यक्ष मालीराम सैनी, मनोहरपुर मंडल अध्यक्ष रामचंद्र यादव, खेजरोली मंडल अध्यक्ष मामराज पुरी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर राज जोशी, महामंत्री राजेश पलसानियां, उपाध्यक्ष राकेश दाधीच, ओमप्रकाश भडाणा सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## घाणेराव में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित, राष्ट्रसेवा का लिया संकल्प

**देसूरी।** घाणेराव स्थित ग्राम सेवा सहकारी समिति के किसान भवन में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित, अखंड भारत और जनसेवा के लिए समर्पित रहा। उनका त्याग, बलिदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण आज भी प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए जो संघर्ष किया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा। वक्ताओं ने कहा कि उनके विचार हमें देश और किसान की सेवा को सर्वोच्च धर्म मानकर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में संगठन मंडल अध्यक्ष अभयसिंह राजपुरोहित,ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष महेंद्र लोंगोशा,मंडल महामंत्री दौलत राईका, ग्राम सेवा सहकारी समिति घाणेराव के व्यवस्थापक सुमेर सिंह राठौड़, संगठन मंडल मंत्री भंवर घांची (दुदापुरा), गणेश कुमावत, नेमाराम घांची, भंवरलाल किर, धिराराम किर, छोगाराम नाईक, मुलसिंह, हिराराम, मोटाराम, देवाराम, नरेश, भरत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## देसूरी में 3 इंच से अधिक हुई बारिश,सुमेर नदी में पानीं की हुई आवक

**देसूरी।** देसूरी सहित आसपास गांवो में सोमवार की दोपहर में तेज बारिश होने से खेत पानी से भर गये,ओर स?को पर नालों की तरह पानी बहने लगा। देसूरी में शाम पांच बजे तक 82 एमएम बारिश हुई है। वही अरावली पर्वत क्षेत्र में हुई भारी बारिश के कारण सुमेर नदी में तेज पानी की आवक हुई है। वही सोमवार को हुई तेज बारिश के कारण एनिकट ओर कई तालाबो में पानी की आवक हुई है। जबकि बारिश होने जहा किसानों के चेहरे खिल उठे है,वही गर्मी और उमस से आमजन को राहत मिल गई है। जबकि किसानों खेतो में फसलों की बुवाई को लेकर बारिश का इंतजार कर रहे थे। जिसके बाद सोमवार की दोपहर में क्षेत्र में तेज बारिश होने से किसान खेतो में एक दो दिन बुवाई करने जुट जायेगे। इससे पूर्व सोमवार की दोपहर 1बजकर 30 मिनट पर शुरू हुई तेज बारिश जो करीब 45 मिनट तक होती रही। उसके बाद कुछ समय के लिए बारिश हल्की हो गई। मगर दुबारा तेज बारिश शुरू हो गई,ओर देखते देखते चारो तरफ पानी ही पानी हो गया। वही कुछ ही समय मे 82 एमएम बारिश हो गई। जिससे कई बरसाती नालों में पानी की आवक हुई है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने की देता है प्रेरणाः मदन राठौड़

### डॉ मुखर्जी ने सत्ता या पद की नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और स्वाभिमान की राजनीति की– मदन राठौड़

### राष्ट्रवाद केवल एक विचार नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय अस्मिता का है आधार– अजेय कुमार

● अतुल्य संसार नेटवर्क



**जयपुर।** भाजपा युवा मोर्चा की ओर से सोमवार को जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। छात्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि, यह आज भी पूरे देश की अंतरात्मा के लिए अत्यंत आश्चर्य, गहन चिंता का विचारणीय विषय है कि जो महान सपूत देश की अखंडता व संप्रभुता के आंदोलन का नेतृत्व करते हुए, पूर्णतः संकल्पित, ऊर्जा से परिपूर्ण और एक बिल्कुल स्वस्थ व्यक्ति के रूप में कश्मीर की सीमा में प्रवेश किया, वह महज कुछ ही दिनों में वहां जेल के सींखचों के भीतर अचानक बीमार होकर रहस्यमयी तरीके से मृत कैसे हो सकता है? भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सत्ता या पद की नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और स्वाभिमान की राजनीति की। आज देश का युवा उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जिस आत्मविश्वास के साथ विश्व पटल पर आगे बढ़ रहा है, उसमें डॉ. मुखर्जी के विचारों और संकल्पों की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। उनके आदर्शों पर चलकर ही विकसित भारत का संकल्प साकार होगा।

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने छात्र शक्ति के भीतर राष्ट्रवाद की तीव्र अलख जगाते हुए कहा कि श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का कश्मीर के मुद्दे पर माँ भारती की एकता के लिए सबसे अहम, युगप्रवर्तक और अविस्मरणीय योगदान है। उन्होंने ही संपूर्ण राष्ट्र को एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का वह कालजयी नारा दिया था, जिसके संकल्प को पूरा करने और कश्मीर को भारत का अटूट हिस्सा बनाए रखने के लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी। इसे आने वाली पीढ़ियां युगों-युगों तक भुला नहीं सकतीं।

संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों और युवाओं को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, उनके विचारों और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण का गंभीरता से अध्ययन करना चाहिए। राष्ट्रवाद केवल एक विचार नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय अस्मिता का आधार है। जब युवा राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं, तभी समाज और देश सशक्त बनता है। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इसी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धनंजय शर्मा ने युवाओं को आधुनिक भारत के निर्माण और सामाजिक सरोकारों की मुख्य धुरी बताते हुए देश के समग्र विकास में छात्र शक्ति की महत्ता को अद्भुत ढंग से प्रतिपादित किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा और भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर सुशोभित रहे। मंच पर भाजयुमो प्रदेश महामंत्री ऋषिकेश मीणा, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष दीन दयाल गुर्जर एवं भाजयुमो जयपुर जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह पुरुवंशी भी उपस्थित रहे। मंच संचालन भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री लोकेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता और छात्र शक्ति उपस्थित रहे।

# अमरनाथ गुफा में शिवलिंग 90प्रतिशत गायब, ऊंचाई एक फीट बची

## 3 दिन में 56000 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, यह आंकड़ा पिछले साल से 18% ज्यादा

**श्रीनगर।** अमरनाथ में बनने वाले पवित्र शिवलिंग का आकार एक फीट रह गया है। सोमवार को एक फीट के बाबा बर्फानी की फोटो सामने आई। 57 दिन चलने वाली यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। पिछले 3 दिनों में 56 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। यह आंकडा पिछले साल से 18.6% ज्यादा रहा। 2025 में पहले तीन दिन में 47,972 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। यात्रा के लिए इस साल 4 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

### 23 मई को 7 फीट का था शिवलिंग

23 मई को बीएसएफ के जवानों ने जो तस्वीर जारी की थी, उसमें शिवलिंग का आकार करीब 7 फीट था। 29 जून को पहली पूजा के दिन भी हिमलिंग की ऊंचाई 5 फीट से ज्यादा थी। 6 जुलाई को सामने आई तस्वीर में हिमलिंग लगभग 90त्न गायब हो चुका है। 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम रूट और 14 किमी वाले छोटे, लेकिन कठिन बालटाल रूट से लगातार यात्री दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। यात्रा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन खत्म होगी।



### 9 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन स्लॉट बुक, प्रशासन बोला- नए यात्री कुछ दिन रुकें

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने बिना रजिस्ट्रेशन करवाए अमरनाथ पहुंच रहे यात्रियों से कहा है कि वे अपनी यात्रा कुछ दिन के लिए टाल दें। प्रशासन के मुताबिक, 9 जुलाई तक सभी रजिस्ट्रेशन स्लॉट पूरी तरह भर चुके हैं। ऐसे में अगर कोई यात्री बिना रजिस्ट्रेशन बालटाल या पहलगाम रूट से आगे बडने की कोशिश करेगा तो उसे चेक पॉइंट्स पर रोक दिया जाएगा। उसे 9 जुलाई के बाद ही आगे बडने दिया जाएगा।अधिकारियों ने कहा कि रविवार से केवल रजिस्टर्ड यात्री ही कश्मीर की ओर जाने की अनुमति दी जाएगी।

### अमरनाथ के बाबा बर्फानी प्राकृतिक बनते हैं, तराशा नहीं जाता

अमरनाथ का हिम शिवलिंग किसी बर्फ के ब्लॉक को तराशकर नहीं बनाया जाता, बल्कि यह प्राकृतिक आइस स्टैलेग्माइट है। जैसे चूना-पत्थर की गुफाओं में जमीन से खनिज जमा होकर स्टैलेग्माइट बनते हैं, उसी तरह अमरनाथ गुफा में छत से टपकने वाला पानी जमकर बर्फ का शिवलिंग बनाता है। इसका आकार हर साल मौसम, तापमान और पानी की उपलब्धता के अनुसार अलग-अलग होता है। यही इसकी सबसे अनोखी विशेषता है।

### यात्रा के 2 रूट, एक 48किमी लंबा लेकिन सरल, दूसरा 14किमी का लेकिन कठिन चढ़ाई

अमरनाथ यात्रा दो रास्तों से की जाती है। पारंपरिक रास्ता 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम से है। दूसरा रास्ता गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबे बालटाल से है। यात्रा 28 अगस्त को खत्म होगी।

# महाराष्ट्र के सातारा में पुल टूटा, क्रेन से कारें निकालीं

### मुंबई में रेलवे ट्रैक, एक्सप्रेस-वे बंद; जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड, हिमाचल में कार पर पत्थर गिरा




**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना।** देश के कई राज्यों में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। महाराष्ट्र में तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है। मुंबई-पुणे रेल रूट पर करजत-लोनावला के भोर घाट सेक्शन में दो जगह लैंडस्लाइड हो गई। इससे तीनों रेलवे लाइनें प्रभावित हो गईं। 20 ट्रेनों को कैंसिल करना पड़ा। उधर, मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर भी लैंडस्लाइड होने से रास्ता बंद हो गया। सातारा जिले के महाबलेश्वर में वेण्णा नदी का पुल टूटने से 10-12 पर्यटक फंस गए। कारों को क्रेन की मदद से निकाला गया। BMC ने आज सभी सरकारी और प्रायवेट स्कूलों-कॉलेजों में छुट्टी घोषित की है। मुंबई एयरपोर्ट पर 17 फ्लाइट रद्द हुईं। मुंबई में प्राइवेट ऑफिसों के कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने को कहा गया है। वहीं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड हो गई। 6-7 गाड़ियां मलबे में दब गईं। मलबा हटाने का काम जारी है। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में चलती गाडी पर पत्थर गिरने से 14 साल की लडकी की मौत हो गई।

### अल नीनो से भारत में बिजली उत्पादन घटेगा, CREA रिपोर्ट में चेतावनी

सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर की नई रिपोर्ट के मुताबिक इस साल का अल नीनो दुनिया में सबसे ज्यादा भारत के एनर्जी सिस्टम को प्रभावित कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कम बारिश और कमजोर हवाओं के कारण बिजली और पवन ऊर्जा उत्पादन घटेगा, जबकि बढ़ती गर्मी में एयर कंडीशनर के इस्तेमाल के कारण बिजली की मांग तेजी से बढ़ेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, जुलाई 2026 से जून 2027 के बीच भारत में करीब 18 टेरावाट घंटे

# हाफिज सईद ने ही पहलगाम हमले की साजिश रची

### एनआईए बोली- भारत के खिलाफ जंग छेड़ी; अब तक हमले के आरोपी 3 आतंकी ढेर

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले पर एनआईए ने सोमवार को सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की। एजेंसी ने कहा कि बैसरनघाटी में हुए आतंकी हमले की साजिश लश्कर-ए-तैयबा चीफ हाफिज सईद ने ही रची थी। एनआईए ने हाफिज पर भारत के खिलाफ जंग छेड़ने का आरोप लगाया है। 22 अप्रैल 2025 को आतंकवादियों ने पहलगाम की बैसरन घाटी में फायरिंग की थी। टूरिस्टों की धर्म पूछकर हत्या की गई थी। हमले में 26 टूरिस्ट मारे गए थे। इसके बाद भारत ने 6-7 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। पाकिस्तान और PoK में 9 ठिकानों पर हमला किया था। भारत का दावा है, इसमें 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। पहलगाम हमले के बाद PoK ने 15 दिसंबर 2025 को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें पाकिस्तान के आतंकी हैंडलर साजिद जट समेत 6 आतंकियों को आरोपी बनाया था। उस वक्त हाफिज सईद का नाम सामने नहीं आया था। पहलगाम हमले के 3 आतंकी मारे जा चुके हैं। आतंकियों का हैंडलर सैफुल्लाह जट्ट उर्फ लंगड़ा अभी जिंदा है। उस पर 10 लाख का इनाम है।

# राममंदिर चढ़ावा चोरी- 3 घंटे बाद ट्रस्ट की बैठक खत्म

## चंपत राय को एंट्री नहीं मिली, गार्ड और सेवादारों को भी बाहर बैठाया

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की पहली बैठक शाम 6.30 बजे खत्म हो गई। मीटिंग करीब 3 घंटे चली। सूत्रों के मुताबिक, चंपत राय और गोपाल राव बैठक में शामिल होने के लिए मंदिर पहुंचे, लेकिन उन्हें एंट्री नहीं मिली। दोनों मंदिर के दूसरे कमरे में बैठे। ट्रस्टी अनिल मिश्रा भी बैठक में नहीं पहुंचे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रस्ट की बैठक में दोनों का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास कर रहे हैं। पहले जानकारी सामने आई थी कि वह बैठक में नहीं शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, सेवादारों और गार्डों को बाहर बैठाया गया है। ट्रस्ट सदस्यों के मोबाइल भी गेट पर जमा करा लिए गए हैं, ताकि बैठक की बातें बाहर न आ पाएं। सूत्रों के मुताबिक, बैठक के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकता है। इसमें बैठक में हुई चर्चाओं की जानकारी दी जाएगी। पदेन सदस्य के. पाराशरण, नृपेंद्र मिश्रा और केंद्र सरकार के प्रतिनिधि प्रशांत लोखंडे और यूपी सरकार के प्रतिनिधि संजय प्रसाद बैठक में ऑनलॉइन जुड़े हैं। चंपत राय और अनिल मिश्रा ने च?ावा चोरी की घटना सामने आने के बाद इस्तीफा दिया था। ट्रस्ट में 14 सदस्य हैं। इनमें से 4 पदेन सदस्य हैं। किसी भी प्रस्ताव को पास करने के लिए दो-तिहाई सदस्यों की सहमति जरूरी है। पदेन सदस्यों के वोट काउंट नहीं होते हैं। चंपत और अनिल इस्तीफा दे चुके हैं। ऐसे में 8 सदस्यों में से 6 सदस्यों की सहमति के बाद ही फैसला संभव है। इससे पहले, सोमवार दोपहर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल ने लेटर जारी करके पहली बार चढ़ावा चोरी पर बयान दिया। उन्होंने कहा- चोरी से मैं आहत हूं। जिसने भी यह पाप किया है, उसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए।



### राम मंदिर ट्रस्ट की अहम बैठक खत्म

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अहम बैठक खत्म हो गई। राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बाद बुलाई गई इस बैठक में पूरे मामले और उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। ट्रस्ट की बैठक समाप्त हो गई है। बैठक खत्म होने के बाद ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास राम मंदिर परिसर से बाहर निकल आए। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में ट्रस्ट ने माना कि राम मंदिर की वित्तीय व्यवस्था में बड़ी चूक हुई है। लापरवाहियां होती रहीं, उन्हें नजरअंदाज किया जाता रहा। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में कई ट्रस्टियों ने दान चोरी की घटना पर खेद व्यक्त किया है। व्यवस्था में हुई खामियों पर चर्चा हुई। इस बात पर सहमति जताई गई कि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए अब अधिक कड़े सुरक्षा और निगरानी उपाय लागू किए जाएंगे।

# खामेनेई की अंतिम यात्रा- 10 किमी. लंबे रूट पर लाखों लोग

## 10 घंटे तक चलेगा जुलूस, हेलिकॉप्टर से शहर के ऊपर घुमाया जाएगा ताबूत

**तेहरान।** ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम यात्रा सोमवार को तेहरान में आगे बढ़ रही है। 10 किलोमीटर लंबे रूट पर लाखों लोग अंतिम दर्शन के लिए जुटे हैं। सरकारी मीडिया ने इसे देश के आधुनिक इतिहास का सबसे बड़ा जनसमूह बताया है। भीड़ इतनी ज्यादा है कि कई जगह ताबूत ले जा रहा वाहन धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। आजादी स्ट्रीट समेत कई इलाकों में लोगों की इतनी भीड़ है कि कुछ समय के लिए वाहन को रुकना भी पड़ा। प्रशासन ने लोगों से अंतिम यात्रा मार्ग पर बने रहने की अपील की है। अधिकारियों के मुताबिक, आखिर में खामेनेई के पार्थिव शरीर को हेलिकॉप्टर से अंतिम यात्रा मार्ग के ऊपर ले जाया जाएगा, ताकि दूर खड़े लोग भी अंतिम दर्शन कर सकें। अंतिम यात्रा के बाद खामेनेई के पार्थिव शरीर को धार्मिक रस्मों के लिए कोम ले जाया जाएगा। इसके बाद उन्हें उनके गृह शहर मशहद में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। ट्रम्प बोले- एक हमले में ईरानी लीडरशिप खत्म कर सकते थे- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि खामेनेई के अंतिम संस्कार में ईरान का पूरा शीर्ष नेतृत्व मौजूद था और अमेरिका चाहता तो एक ही हमले में सभी को खत्म कर सकता था, लेकिन बातचीत का रास्ता खुला रखने के लिए ऐसा नहीं किया।



### ईरान बोला- अमेरिका के पास न सभ्यता, न सम्मान

ट्रम्प के बयान पर आर्मेनिया स्थित ईरानी दूतावास ने कहा, लोगों को मारा जा सकता है, लेकिन विचारों को नहीं। आपके पास न सभ्यता है, न इतिहास और न सम्मान।

### भीषण गर्मी के बीच अंतिम यात्रा में लोगों पर पानी का छिड़काव

30 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान के बावजूद हजारों लोग अंतिम विदाई देने पहुंचे। गर्मी से राहत के लिए फायर ब्रिगेड ने पानी का छिड़काव किया, जबकि लोगों को ठंडे पेय और तरबूज भी बांटे गए।

### ईरानी सेना बोली- सीजफायर के दौरान भी सैन्य ताकत बढ़ा रहे

ईरानी सेना के ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अकरमिनिया ने कहा कि सीजफायर का इस्तेमाल सेना अपनी ताकत बढ़ाने के लिए कर रही है। उन्होंने अमेरिका और इजराइल को चेतावनी दी कि अगर कोई गलती हुई तो ईरानी सेना करारा और निर्णायक जवाब देगी।

### रूस बोला- होर्मुज ईरान का परमाणु हथियार

रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट ईरान का परमाणु हथियार है। उन्होंने कहा कि इस रास्ते पर नियंत्रण से ईरान पूरी दुनिया के तेल कारोबार पर दबाव बना सकता है।

### खामेनेई के पार्थिव शरीर को मंगलवार को कोम शहर ले जाया जाएगा

अंतिम यात्रा के बाद, मंगलवार को खामेनेई के पार्थिव शरीर को धार्मिक रस्मों के लिए तेहरान से कोम ले जाया जाएगा। कोम ईरान में शिया इस्लामिक शिक्षा का सबसे बड़ा केंद्र और देश के सबसे पवित्र शहरों में से एक माना जाता है।

# पीएम मोदी इंडोनेशिया पहुंचे, फाइटर जेट्स ने एस्कॉर्ट किया

### देश की 85% आबादी मुस्लिम, फिर भी गरुड़ एयरलाइन, नोट पर गणेश की तस्वीर छपी



**जकार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को इंडोनेशिया पहुंचे। सीमा पर पहुंचते ही मेजबान देश के फाइटर जेट्स ने उनके विमान को एस्कॉर्ट किया। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी का यहां तीसरा दौरा है। एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच होने वाली द्विपक्षीय बैठक में करीब 2,500 करोड़ की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल डील पर मुहर लगने की संभावना है। पीएम मोदी इंडोनेशिया के सबसे बड़े हिंदू मंदिर प्रम्बानन भी जाएंगे। 9वीं शताब्दी में बना यह मंदिर भगवान शिव, विष्णु और ब्रह्मा को समर्पित है और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। इंडोनेशिया दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है, लेकिन उसकी सांस्कृतिक विरासत पर हिंदू-बौद्ध सभ्यता की गहरी छाप दिखाई देती है। यहां रामलीला होती है, गरुड़ एयरलाइन है और नोट पर भगवान गणेश की तस्वीर भी छप चुकी है।

### इंडोनेशिया का साबंग पोर्ट भारत के लिए अहम

इंडोनेशिया का साबंग पोर्ट अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के बेहद करीब है। भारत और इंडोनेशिया ने 2018 में प्रधानमंत्री मोदी की जकार्ता यात्रा के दौरान साबंग पोर्ट और आसपास समुद्री सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई थी। इसके तहत पोर्ट के विकास, समुद्री संपर्क, लॉजिस्टिक सहयोग और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

### इंडोनेशिया भारत से ब्रह्मोस खरीदने वाला दूसरा देश बन सकता है

भारत और इंडोनेशिया के बीच करीब 2,500 करोड़ की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल सिस्टम की संभावित डील इस यात्रा का सबसे अहम एजेंडा मानी जा रही है। अगर समझौते पर मुहर लगती है तो फिलीपींस के बाद इंडोनेशिया ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने वाला दूसरा विदेशी ग्राहक बन सकता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।